समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(बी.एस.डब्ल्यू.ई. - प्रथम वर्ष)

सत्रीय कार्य : 2019-2020

पाठ्यक्रम शीर्षक

बी.एस.डब्ल्यू.ई.–001 : समाज कार्य का परिचय

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई, 2019 सत्र – मार्च 31, 2020
जनवरी, 2020 सत्र – सितम्बर 30, 2020

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बी.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातक होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप हमारी मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधारने के लिए अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकें। बी.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के बी.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

बी.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष के लिए आपको बी.एस.डब्ल्यू.ई.-001 और अन्य आधार पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक का एक–एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करे, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़े। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

(डॉ. सायन्तनी गुइन)
कार्यक्रम संयोजक
email : sayantaniguin@ignou.ac.in
Ph. : 011-29571697

समाज कार्य का परिचय

सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.डब्ल्यू.ई–001
कुल अंक–100

नोट : i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) समाज कार्य अवधारणाओं के रूप में सामाजिक न्याय और सामाजिक नीति पर चर्चा करें। 20

अथवा

सामाजिक कार्यों में नैतिक व्यवहार की आवश्यकता क्यों है? आचार संहिता के उद्देश्य को बताएं। 20

2) 'जाति' क्या है? जी.एस. घूरेय द्वारा दी गई जाति की 6 विशेषताओं की व्याख्या करें। 20

अथवा

व्यक्तित्व विकास में पर्यावरण की भूमिका का वर्णन करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिए:
   i) समूहों को परिभाषित करें। समूह की विशेषताओं की व्याख्या करें। 10
   ii) 'जनमत' से आप क्या समझते हैं? समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता के बारे में लिखें। 10
   iii) समाज कार्य से संबंधित वर्तमान रूझानों और प्रथाओं की व्याख्या करें। 10
   iv) स्वैच्छिक संगठनों के विभिन्न उद्देश्यों के बारे में लिखें। किसी एक की व्याख्या करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिए:
   i) यूरोप में समाज कार्य शिक्षा की उत्पत्ति पर चर्चा करें। 5
   ii) 'गोपनीयता के सिद्धांत' की अपने कार्यक्षेत्र के प्रासंगिक उदाहरणों से व्याख्या करें। 5
   iii) संघर्ष प्रतिस्पर्धा से कैसे अलग है? उल्लिखित करें। 5
   iv) 'संस्कृति' क्या है? संस्कृति की विशेषताओं की सूची बनाएं। 5
   v) 'निर्धारण' पर एक नोट लिखें। 5
   vi) क्या हम व्यक्तित्व विकार का आकलन कर सकते हैं? कारण बताएं। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:
   i) इग्नू में समाज कार्य 4
   ii) चिकित्सीय समाज कार्य दृष्टिकोण 4
   iii) सामाजिक नियंत्रण 4
   iv) अधिकार और कर्तव्य 4
   v) उत्तर बाल्यावस्था के दौरान भावनाएं 4
   vi) रक्षा तंत्र के रूप में युक्तिकरण 4
   vii) समाज 4
   viii) लड़कपन के लक्षण 4